NEWS STATE

Mon, 24 Feb 2020

डोनाल्ड ट्रंप को ड्रोन के हमले से बचाएगा DRDO का एंटी ड्रोन सिस्टम

डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर भी इस प्रणाली को इस्तेमाल किया जाएगा.

ट्रंप की सुरक्षा की दृष्टि से एंटी ड्रोन सिस्टम को तैनात किया जा रहा है.

नई दिल्ली: ऐसे समय में जब भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधि को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों द्वारा ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है. वहीं रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने आतंकी समूहों के मंसूबे पर पानी फेरते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम विकसित किया है. इसका सफल परीक्षण भी कर लिया गया है. इसने परीक्षणों के दौरान UAV को सफलतापूर्वक बर्बाद कर दिया. बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर भी इस प्रणाली को इस्तेमाल किया जाएगा. ट्रंप की सुरक्षा की दृष्टि से एंटी ड्रोन सिस्टम को तैनात किया जा रहा है.

ड्रोन से छोटे हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी

वायु सेना, सेना, अर्धसैनिक बलों और VVIP सुरक्षा में शामिल लोग और सभी सुरक्षा एजेंसियां आतंकवादी समूहों और अन्य लोगों द्वारा उनका उपयोग शुरू करने के बाद एंटी ड्रोन प्रणालियों को प्राप्त करते हुए देख रही हैं. हाल के दिनों में ड्रोनों का उपयोग करते हुए छोटे हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले सामने आए हैं, जो 3-4 किलोग्राम वजन ले जा सकते हैं. साथ ही ये बहुत कम ऊंचाई पर उड़ भी सकते हैं.

किलिंग सिस्टम का उपयोग करते हुए ड्रोन को मार गिराया

सरकारी सूत्रों ने मीडिया को बताते हुए कहा कि DRDO सिस्टम ने अपनी किलिंग सिस्टम का उपयोग करते हुए ट्रायल के दौरान एक आने वाले ड्रोन को सफलतापूर्वक मार गिराया. बता दें कि काउंटर ड्रोन सिस्टम में ड्रोन का पता लगाने और नष्ट करने दोनों की क्षमता है. वहीं गणतंत्र दिवस परेड को सुरक्षा की दृष्टिर से इस बार सबसे पहले DRDO काउंटर ड्रोन सिस्टम को तैनात किया गया था. इस गणतंत्र दिवस पर चीफ गेस्ट ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो थे. उनको सुरक्षा प्रदान कराने के लिए इस सिस्टम का इस्तेमाल किया गया था. साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य लोगों भी मौजूद थे.

पाकिस्तान से आने वाले ड्रोनों को भी मार गिराया

गुजरात पुलिस ने बताया कि मोदी-ट्रम्प रोड शो के लिए अहमदाबाद में एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किया जा रहा है, जहां उन्हें ड्रोन से किसी भी हवाई खतरे को नाकाम करने का काम सौंपा जाएगा. सूत्रों ने बताया कि हथियारों की तस्करी के लिए कई ड्रोन का इस्तेमाल पंजाब और जम्मू में पाकिस्तान के साथ नदी की सीमा पर किया जा रहा है, जहां छोटे ड्रोन बहुत कम ऊंचाई पर उड़ान भरते हैं और आपूर्ति गिराते हैं. हाल के ही दिनों में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने पाकिस्तान से आने वाले कुछ ड्रोनों को भी मार गिराया है.

https://www.newsstate.com/india/news/namaste-trump-drdo-system-destroys-drone-in-trials-being-deployed-for-donald-trumps-security-130548.html